**खबर संक्षेप**

### यातायात जागरूकता अभियान



**मैहर।** यातायात प्रभारी एवं उनकी टीम ने शहर के प्रमुख और व्यस्ततम चौराहों-स्टेट बैंक चौराहा, घंटाघर चौक,और रेलवे स्टेशन-पर एक विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इस महत्वपूर्ण अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना था। टीम द्वारा इन व्यस्त स्थानों पर हेलमेट,सीटबेल्ट और वाहन बीमा की अनिवार्यता से संबंधित जागरूकता पोस्टर और बैनर लगाए गए। यातायात प्रभारी ने आमजन से सुरक्षित और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करते हुए यात्रा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन न केवल जुर्माने से बचाता है,बल्कि यह जीवन की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। टीम ने नागरिकों को प्रेरित किया कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज और सुरक्षा गियर हमेशा अपने साथ रखें।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन



**मैहर।** माई की रसोई परिसर में प्रमीला हॉस्पिटल वाराणसी के सहयोग से दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण सामाजिक पहल को सफल बनाने में माता की रसोई के संचालक पंडित धीरज महराज का विशेष योगदान रहा,शिविर में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न विशेषज्ञ टीमों ने नागरिकों की जांच कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया। इसमें जन-चिकित्सा,दंत चिकित्सा,स्त्री रोग,हड्डी रोग सहित जनरल मेडिसिन विभाग के डॉक्टर शामिल थे। शिविर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित हुआ,जिसमें भारी संख्या में लोगों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

### मन की बात कार्यक्रम की तैयारियों पर बैठक आयोजित

**मैहर।** आगामी 30 नवम्बर को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की तैयारियों को लेकर विधायक कार्यालय मैहर में एक बैठक आयोजित की गई। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी जी इस बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यक्रम को जनभागीदारी का स्वरूप देना और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शक विचारों को जन-जन तक पहुँचाना था। इस विषय पर कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की गई।

### टिकुरिया टोला विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सतना।** शा.मा.विद्यालय टिकुरिया टोला में बाल विवाह,साइबर क्राइम,पास्को एक्ट,बालिकाओं के स्वास्थ्य,अश्लीलता,अपराधों के दूषित परिणाम एवं महिला सम्मान को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी विषयों की जानकारी दी गई तथा बालिकाओं को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से छात्र छात्राएं,प्रिंसिपल रंजना सिंह,बाल कल्याण समिति अध्यक्ष चांदनी श्रीवास्तव,सदस्य मंजूषा शाह,किरण गुप्ता,कामता पाण्डेय एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### त्रिदिवसीय चिन्मय ज्ञान यज्ञ आज से



**सतना।** चिन्मय मिशन सतना के तत्वावधान में तीन दिवसीय ज्ञान यज्ञ आज 30 नवंबर से स्थानीय विट्स इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में प्रारंभ हो रहा हैं। समिति के सचिव मनमोहन माहेश्वरी ने बताया कि ईश्वर से संपर्क और संवाद विषय पर आयोजित ज्ञान यज्ञ में चिन्मय मिशन की वरिष्ठ संत पूज्या स्वामिनी विमलानंदा जी के आध्यात्मिक प्रवचन सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। स्वामिनी विमला नंदा चिन्मय संदीपनी मुंबई से वेदांत कोर्स करने के बाद वेदांत के मूल्यवान ज्ञान को जन जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहीं हैं। युवा पीढ़ी को संस्कारित शिक्षा मिले इसके लिए आप विशेष प्रयासरत हैं।आयोजन समिति के सुनील सेनानी ने बताया कि कार्यक्रम स्थल तक सुलभ आवागमन के लिए होटल भरहुत के पास से सायं 5 बजे बस की व्यवस्था की गई है। चिन्मय मिशन की आचार्या ब्रह्मचारिणी गार्गी चैतन्य अध्यक्ष डॉ मानिकचंद गुप्ता प्रदीप नायक आयोजन समिति के सुनील सेनानी ने सभी साधकों से श्रवण लाभ का अनुरोध किया है।

एक ही दिन में चार सड़क दुर्घटनाएँ

# नहर में बुलेरो गिरी, ट्रक ने बाइक को घसीटा
# बाइक दुर्घटनाओं में एक की मौत









एक ही दिन में,सतना ज़िले के रामनगर और अमरपाटन थाना क्षेत्रों से कई सड़क दुर्घटनाएँ सामने आईं,जिनमें एक युवक की मौत हो गई और कई घायल हुए।

**सतना।**

जानकारी के मुताबिक रामनगर में पेड़ से टकराकर बुलेरो नहर में जा गिरी। घटना मनकीसर के पास हुई। बताया जाता है कि बीती रात,तेज रफ़्तार बुलेरो वाहन बुकिंग छोड़कर वापस आते समय एक पेड़ से टकराकर नहर में जा गिरी। प्रशासनिक अधिकारियों को नहर बंद कराने की सूचना दी गई है। रामनगर पुलिस मौके पर पहुंची।

### अमरपाटन में एनएच 30 पर ट्रक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक को घसीटा

अमरपाटन-रीवा मार्ग पर स्थित ककरा गाँव के पास यह घटना हुई। इसी प्रकार एक ट्रक चालक ने बाइक पर सवार दो लोगों को टक्कर मार दी,जिसके बाद बाइक को लगभग 20 फीट तक सड़क पर घसीटते हुए ले गया। सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालकों ने ट्रक चालक को रोका और पुलिस को सूचना दी। घायलों को 1033 की मदद से अमरपाटन सिविल अस्पताल लाया गया। अमरपाटन पुलिस ने ट्रक चालक और बाइक को कब्जे में ले लिया है। उधर चित्रकूट गाय को बचाने के चक्कर में कार क्षतिग्रस्त हो गई। मझगवां थाना क्षेत्र के हिरौंदी के समीप तेज रफ़्तार कार सड़क पर आई एक गाय को बचाने के चक्कर में सड़क के नीचे उतर गई। इस घटना में कार सवार बाल-बाल बचे,लेकिन वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

### अमरपाटन में दो बाइकों की भिड़ंत में 5 घायल, एक युवक की मौत

अमरपाटन-रामनगर रोड पर ग्राम किरहाई बंधा के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दोनों बाइकों पर सवार 5 लोग घायल हुए। डॉयल 112 और अमरपाटन पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को सिविल अस्पताल अमरपाटन लाया गया। गंभीर हालत होने पर एक युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया था। देर शाम बाद में पता चला कि ग्राम किरहाई के पास हुई इस भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल युवक,अशोक कुमार कोल उम्र 19 साल,निवासी किरहाई की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक का शव सिविल अस्पताल अमरपाटन में रखवाया गया है और पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## भयंकर लापरवाही! पुलिया निर्माण के नाम पर काटी गई पेयजल पाइप लाइन, मझगवां में 100 घरों पर जल संकट की मार

### पीएचई विभाग के एसडीओ पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा



**सतना।** मझगवां में पुलिया निर्माण में अंधाधुंध कटाई से पेयजल संकट जनपद पंचायत मझगवां मुख्यालय से एक गंभीर मामला सामने आया है,जहाँ मझगवां देवीदाई मंदिर और राजू वर्मा के घर के पास स्थित दो महत्वपूर्ण बोर से होने वाली पानी की सप्लाई पाइपलाइन को पुलिया निर्माण कार्य के दौरान बेरहमी से काट दिया गया है। इस घोर लापरवाही के चलते मझगवां कस्बे के मिचकुरीन, रामपुरवा गौतमान,रामपुरवा अहिरान,और हनुमान जी मंदिर के पास वाले क्षेत्रों के लगभग 100 घरों में बीते चार से पाँच दिनों से भीषण जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। यह पाइपलाइन मझगवां पवरिया बाबा मंदिर से लेकर बड़े हनुमान जी मंदिर के आगे तक होने वाले सड़क निर्माण कार्य के तहत एक पुलिया बनाने के लिए काटी गई है। हैरानी की बात यह है कि पाइपलाइन को काटने के बाद उस पर कोई एंड कैप भी नहीं लगाया गया है,जिससे बहुमूल्य पेयजल व्यर्थ में बह रहा है और पानी की भारी बर्बादी हो रही है।

**एसडीओ पर लगा लापरवाही का सीधा आरोप-** स्थानीय निवासियों में इस मुद्दे को लेकर गहरा आक्रोश है। उनका स्पष्ट कहना है कि यदि ठेकेदार या सम्बंधित विभाग चाहता तो पाइपलाइन को थोड़ा घुमाव देकर भी बनाया जा सकता था,जिससे किसी भी घर में पानी की सप्लाई बाधित नहीं होती।ग्रामीण इस पूरी स्थिति के लिए सीधे तौर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी को कसूरवार मान रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल आपूर्ति की यह जिम्मेदारी सीधे विभाग के दायरे में आती है,और एसडीओ की घोर लापरवाही और उदासीनता की बदौलत ही आज 100 से अधिक परिवारों को इस भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन की इस संवेदनहीनता पर तत्काल कार्रवाई की माँग जोर पकड़ रही है।

## लाखों की बिल्डिंग धूल फांक रही: मझगवां की मृदा परीक्षण प्रयोगशाला उद्घाटन के बाद से बंद, किसान बेखबर!



**सतना।** किसानों को उनकी मिट्टी का सही हाल बताने और बेहतर उपज में मदद करने के उद्देश्य से विकासखंड मझगवां,में स्थापित की गई मृदा परीक्षण प्रयोगशाला अपने उद्घाटन के बाद से ही धूल फांक रही है। यह आश्चर्यजनक है कि एक भव्य भवन में स्थापित यह महत्वपूर्ण केंद्र आज तक किसानों के लिए खोला ही नहीं गया,जिसके कारण लाखों रुपये की सरकारी बिल्डिंग का उपयोग शून्य रहा है। स्थानीय किसानों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है। किसान इंद्र प्रसाद यादव का कहना है,हम लोगों को कभी पता ही नहीं चला कि यहां मिट्टी परीक्षण केंद्र खुला है। यह केंद्र किस काम का,जब हम किसान ही इससे अनजान हैं? किसानों का कहना है कि यह केंद्र कब बना,किसने बनवाया और इसमें कौन अधिकारी या कर्मचारी पदस्थ हैं,इसकी कोई जानकारी क्षेत्र के किसी भी किसान को नहीं है। यह कार्यालय शुरू होने से पहले ही बंद होने की कगार पर है। एक किसान ने दुख जताते हुए कहा कि लाखों की लागत से बनी यह बिल्डिंग उपेक्षा के कारण अब जीर्ण-शीर्ण होती जा रही है। किसानों के लिए वरदान साबित होने वाला यह केंद्र प्रशासनिक लापरवाही का शिकार हो गया है। केंद्र की अनुपयोगिता के कारण,क्षेत्र के किसान आज तक अपनी खेत की मिट्टी का प्रशिक्षण नहीं करा पाए हैं,जिससे उन्हें अपनीफसल के लिए सही उर्वरक और पोषण की जानकारी नहीं मिल पा रही है। प्रशासन और संबंधित विभाग की घोर लापरवाही के कारण,एक जनहितैषी परियोजना का लाभ किसानों तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ चुका है। इस मामले में उच्च अधिकारियों को तत्काल हस्तक्षेप कर केंद्र को क्रियाशील बनाना चाहिए,ताकि किसानों को मिट्टी परीक्षण की सुविधा मिल सके और सरकारी धन का दुरुपयोग रोका जा सके।

## पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक, अपराधों और कानूनी प्रावधानों की दी जानकारी



**सतना।**

मुस्कान विशेष अभियान के तहत,गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी और विद्यालय में जागरूकता पर ज़ोर दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सतना हंस राज सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक सभागार में पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसपी ने छात्राओं को मुस्कान विशेष अभियान के मुख्य उद्देश्य,गुम नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी,अपराधों की जानकारी और उनके गंभीर दुष्परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने बालकों के क्रियाकलापों का सही आकलन करने,महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना रखने और समाज में फैलाई जा रही अश्लीलता के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया। इस दौरान,छात्राओं को बाल विवाह,पॉक्सो एक्ट,जेजे एक्ट,साइबर अपराध,बाल/बंधुआ मजदूरी से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।उन्हें महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर जैसे 112, 1098,1090,1930 के बारे में भी बताया गया। जागरूकता सत्र में सड़क सुरक्षा जागरूकता, यातायात के नियम,राह वीर योजना और अन्य कानूनी प्रावधानों पर भी जानकारी दी गई और पोस्टर वितरित किए गए। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्वेता मौर्या और रक्षित निरीक्षक देविका सिंह ने छात्राओं को पुलिस अधीक्षक कार्यालय और विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कराकर पुलिस कार्यप्रणाली से अवगत कराया।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय के नए कुलगुरु प्रो.आलोक चौबे ने कार्यभार संभाला



**सतना।** चित्रकूट में प्रख्यात शिक्षाविद् एवं अकादमिक प्रशासक प्रो.आलोक चौबे ने शनिवार को महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु (वाइस चांसलर) पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनकी नियुक्ति प्रदेश के महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगू भाई पटेल ने 14 नवंबर 2024 को चार वर्ष की अवधि के लिए की थी। प्रो.आलोक चौबे के ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर पहुंचने पर स्टाफ ने उनका भव्य और आत्मीय स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की ऊर्जावान ध्वनि के बीच पुष्प पंखुड़ियों की वर्षा की गई,मालाएं पहनाई गईं और बुके भेंट किए गए। स्वागत के इस आत्मीय वातावरण से नए कुलगुरु अत्यंत प्रभावित हुए और सभी का हार्दिक अभिनंदन स्वीकार किया। इससे पहले,सतना रेलवे स्टेशन पर कुलसचिव प्रो.आर.सी.त्रिपाठी की अगुवाई में ग्रामोदय कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। चित्रकूट पहुंचकर प्रो.चौबे ने सर्वप्रथम आराध्य श्री कामद नाथ जी महाराज का दर्शन-पूजन किया। कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व,प्रो.चौबे ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पवनसुत हनुमान जी महाराज के मंदिर में पूजा-अर्चना की।कला दीर्घा में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।गांधी उद्यान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। नाना जी उपवन में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के परिकल्पक भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।औपचारिक कार्यभार और मार्गदर्शक उद्बोधन कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने रजत जयंती भवन स्थित कुलगुरु कक्ष में कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान निवर्तमान कुलगुरु प्रो.भरत मिश्रा ने उन्हें विश्वविद्यालय की स्थापना पृष्ठभूमि,उद्देश्य,कार्यशैली और विकास यात्रा का वृतांत बताया।इस अवसर पर कुल सचिव प्रो.आर.सी.त्रिपाठी,रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के पूर्व कुलपति प्रो.कपिल देव मिश्रा सहित प्रशासनिक अधिकारी,निजी स्टाफ और विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं,विभागाध्यक्षों आदि ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। दीन दयाल शोध संस्थान की ओर से उप महाप्रबंधक अनिल जायसवाल ने भी स्वागत किया।

### नहीं रुक रहा नरवाई जलाना, 996 घटनायें आईं सामने

**सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों विशेषतः धान एवं गेहूं की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सतना डॉ.सतीश कुमार एस एवं मैहर रानी बाटड द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निर्मेश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजीव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### पत्नी के साथ मारपीट करने वाले पति को 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** जिला अभियोजन संचालनालय पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, करीब 8 साल पहले फरियादी की शादी आरोपी राजकुमार बसोर से हिंदू रीति रिवाज अनुसार हुयी थी। उक्त शादी से उसके दो पुत्र हैं। आरोपी राजकुमार फरियादी के साथ मारपीट करता था और उससे कहता था कि तुम्हारा यहां कोई हिस्सा नहीं है, अपने मायके जाकर रहो। जब फरियादी ने यह बात अपने घरवालों को बतायी तो मायके वालों ने यह समझाइश दी कि सब ठीक हो जाएगा। दिनांक 01.06.2022 को आरोपी द्वारा शाम के 06:00 बजे उनके साथ लात घूसों से मारपीट की गयी थी, जिसके कारण उनके दाहिने पैर, पीठ, दोनों गालों एवं बायें हाथ के कोचे में दर्द हो गया था। इसके अलावा आरोपी ने फरियादी को यह कहकर डराया था कि यदि उसने रिपोर्ट की तो वह उसे, उसके भाइयों के उपर तांत्रिक विद्या करवा देगा। उक्त घटना के बारे में फरियादी ने अपने भाई सुदामा वंशकार, सुरेश वंशकर व भाभी तुलसा व राजकुमारी को बताया था। इसके पश्चात 03.06.2022 को महिला थाना पन्ना में आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करवायी थी। थाना द्वारा इसके पश्चात समस्त विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय सुश्री इकरा मिन्हाज, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री दीपका पटेल द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी- राजकुमार बसोर के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी- राजकुमार बसोर को भादंसं. की धारा 498ए में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### एसआईआर फार्म में गलत जानकारी देने पर होगी कानूनी कार्रवाई

**पन्ना।** लोकतांत्रिक व्यवस्था को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के उद्देश्य से चुनाव आयोग ने एसआईआर फार्म में गलत जानकारी देने वालों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान दोहराया है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 31 और 32 के तहत यदि कोई व्यक्ति एसआईआर फार्म में गलत जानकारी देता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इस प्रावधान के अनुसार दोषी पाए जाने पर दो साल तक की कैद और जुर्माना दोनों हो सकते हैं। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मतदाता द्वारा दी जाने वाली सभी सूचनाओं की सत्यता अनिवार्य है। गलत जानकारी देने को गंभीर अपराध की श्रेणी में रखते हुए आयोग ने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। मतदाता सूची की शुद्धता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आयोग ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की मिथ्या सूचना देने से बचें।

### 13 अधिकारी दमोह में आधारभूत प्रशिक्षण पर

**दमोह।** भोपाल की नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी में राज्य प्रशासनिक सेवा के 13 अधिकारियों द्वारा आधारभूत प्रशिक्षण दमोह के ग्रामीण क्षेत्रों में प्राप्त किया। उक्त अधिकारियों को तीन दलों में जनपद दमोह, पटेरा, एवं पथरिया आवंटित किया गया था। प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्रों में चलाई जा रही योजनाओं का अध्ययन ग्रामीण परिवेश रहन-सहन खान-पान सामाजिक आर्थिक गतिविधियों का अध्ययन के साथ ही त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था का प्रशिक्षण 24 से 29 नवंबर तक किया जा रहा है।

# जेके सीमेंट प्लांट में कलेक्टर का आगमन, सीएसआर कार्यों की सराहना







**जेके सीमेंट पन्ना प्लांट में आज पन्ना जिले की माननीय कलेक्टर सुश्री उषा परमार का ससम्मान आगमन हुआ। इस विशेष अवसर पर उनका स्वागत जेके सीमेंट पन्ना के यूनिट हेड कपिल अग्रवाल सहित संपूर्ण जेके सीमेंट प्रबंधन द्वारा हार्दिक रूप से किया गया।**

**पन्ना।**

कलेक्टर महोदया के आगमन को लेकर प्लांट परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उनके स्वागत के पश्चात जेके सीमेंट की ओर से जिले में संचालित सीएसआर गतिविधियों का विस्तृत प्रेज़ेंटेशन प्रस्तुत किया गया, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं सामुदायिक कल्याण से जुड़े प्रमुख कार्यों की जानकारी दी गई। कलेक्टर महोदया ने इन कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में और भी व्यापक स्तर पर समाजहित के प्रयास बढ़ाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान माननीय कलेक्टर ने जेके सीमेंट द्वारा संचालित यदुपति सिंघानिया स्कूल का भ्रमण कर वहां उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं एवं गतिविधियों का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने आईटीआई परिसर का भी अवलोकन किया तथा प्रशिक्षण व्यवस्था की प्रशंसा की। समाज के उत्थान हेतु जेके सीमेंट द्वारा किए जा रहे स्वास्थ्य सहयोग के अंतर्गत शासकीय चिकित्सालय सिमरिया को माननीय कलेक्टर उषा परमार जी के कर-कमलों से ब्टब मशीन, एनालाइज़र मशीन और माइक्रोस्कोप मशीन प्रदान की गईं। इन चिकित्सा उपकरणों से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती मिलेगी। इसी क्रम में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पगरा को आरओ वाटर कूलर भी प्रदान किया गया, जिससे विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी।

#### पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

समाज एवं पर्यावरण के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्लांट परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय कलेक्टर सुश्री उषा परमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत पन्ना श्री उमराव सिंह मरावी, तथा जेके सीमेंट पन्ना के यूनिट हेड श्री कपिल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से पौधे रोपित किए। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संस्था के प्रयासों की सराहना की तथा अधिक से अधिक हरित क्षेत्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। माननीय कलेक्टर जी ने जेके सीमेंट पन्ना द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों को जिले के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। वहीं, जेके सीमेंट प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी संस्था सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से समाजहित के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

## किसान उत्पादों की गुणवत्ता, बाजार से जुड़ाव, मूल्य संवर्धन सह जलवायु अनुकूलित पद्धतियों को अपनाने एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों मे कीं गई पहल विषय पर कार्यशाला सम्पन्न

**पन्ना।**

कृषि विज्ञान केन्द्र पन्ना (म.प्र.) मे रिलायंस फाउंडेशन के सहयोग समर्थन संस्था द्वारा ष्किसान उत्पादो की गुणवत्ता, बाजार से जुड़ाव, मूल्य संवर्धन सह जलवायु अनुकूलित पद्धतियो को अपनाने एवं कृषि विज्ञान केन्द्रो में की गई पहल विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।समर्थन संस्था द्वारा विभिन्न विभागों एवं संगठनों के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पन्ना एवं अजयगढ़ ब्लॉकों के विभिन्न ग्रामों के लीड किसान, विभागीय अधिकारी तथा विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य था कि किसान अपने उत्पादकृधान, उड़द, मूंग, सोयाबीन, अरहर, मक्का, गेहूं, चना, सरसों आदिकृको डैच पर विक्रय करें ताकि उन्हें उचित मूल्य प्राप्त हो सके एवं उनकी आय में वृद्धि हो। विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि निरंतर लाभ प्राप्त करने के लिए कृषि उत्पादों में थफ (थ्यंत ।अमतंहम फनंसपजल) मानक बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही किसानों को प्रोसेसिंग यूनिट की ओर प्रेरित किया गया, जिससे उत्पादक एवं उपभोक्ता के बीच प्दजमहतंजमक टंसनम बेंपद विकसित हो सके और किसानों को अधिक मुनाफ़ा मिल सके। जैविक कृषि को बढ़ावा देते हुए जैविक उत्पादों के लिए अलग बाजार व अलग मूल्य देने पर भी चर्चा की गई। जैविक हाट बजार कृ डा. ओपी तिवारी उपसंचालक ने कहा की किसानो को खेती के साथ और आमदनी का जरिया तैयार करना होगा । पशु पालन पर किसान ध्यान देगे तो खेती भी वेहतर होगी। जिले में स्वयं सेवी संस्थाये एवं विभाग मिलकर जैविक हाट लागाये ताकि सबको शुद्व हरी सब्जी मिल सके लोग बीमार न पडे। उपसंचालक आत्मा परियोजना एपी सुमन ने किसानो से संवाद में वताया की हजारो की संख्या में जैविक किसान तैयार एवं किसान सखी तैयार करने का प्लान है। ओआरसी तैयार किये जा रहे है। जैविक खाद तैयार होगी कीटनाशक भी मिल सकेगा। किसानो को खरदा विक्री पर विस्तार से जानकारी दी। केबीके प्रमुख डा. पी.एन त्रिपाठी ने कहा की किसानो को कम लागत के लिये मशीनो का उपयोग करना एवं जैविक उत्पाद से खेतीकरना होगा। केबीके में सभी तकनीकी मौजूद है। प्रशिक्षण की सुविधा भी है। रिलायंस फाउडेसन के जिला प्रंबधक मुकेश सिंह सेंगर ने जलवायु अनूकल ग्राम विकास योजना एवं जलवायु मित्रो के कैडर एवं कैकनाईजेशन पर चर्चा किया। जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोदशुक्ला ने कहा की किसान एवं पशु सखी जैकि उत्पाद एवं दवा निमार्ण में महत्वपूर्ण भमिका निभा रही है। किसान उपार्जन केन्द्रो में साफ सुथरा अनाज ले जाये ताकि समस्या से बच सके। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामों के लीड किसान - गुखौर, बड़ावड़ा, गुखौर, रानीपुरा, सवाईगंज, दिया, उमरी, जारधोबा, रतगवा, अहिरगुवा, बिल्हा, जानवर, जमुनहाई, बाबूपुर उड़की, पालथरा, देवगांव, बरकोला, सिन्हाई। कार्यक्रम समन्वयक स्वापनिल बघेल ने सभी किसान एवं अधिकारियो का अभार व्यक्त किया गया। ज्ञानेनद्र तिवारी ने कार्यक्रम का उददेश्य एवं सफल संचालन किया गया । समर्थन एवं केवबीके की पूरी टीम ने सहयोग प्रदान किया।






**ब्राह्मण समाज शाहनगर ने राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन**

## संतोष वर्मा की निलंबन व गिरफ्तारी की मांग

**शाहनगर।**

हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पै अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा आरक्षण मुद्दे पर ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर कथित रूप से अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में प्रदेशभर में ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है। इसी क्रम में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा एवं सर्व ब्राह्मण समाज इकाई, शाहनगर के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधियों ने शनिवार को तहसील कार्यालय पहुँचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में समाजजनों ने पै संतोष वर्मा के विरुद्ध निलंबन, एवं गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि अधिकारी की टिप्पणी समाज विशेष का अपमान है तथा प्रशासनिक पद की मर्यादा के विपरीत है। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया।

## दो अलग-अलग घरेलू विवाद के चलते बेटे ने मां और देवर ने भाभी के साथ की मारपीट

**शिकायत पर दोनों मामलों में अपराध दर्ज**

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग ग्रामों में दो अलग-अलग मामलों को लेकर अपने- अपने रिश्तो को तार- तार करते हुए एक रिश्ते में बेटे ने अपनी मां के साथ मारपीट कर दी जबकि दूसरे में देवर ने अपनी मां समान भाभी और पत्नी के साथ मारपीट कर दोनों ही रिश्तों पर बड़ा दाग लगा दिया। घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि फरियादिया पार्वती शर्मा पति परम लाल शर्मा उम्र 40 साल निवासी मडिया राव ने अपनी मौखिक रिपोर्ट में पुलिस को बताया कि मेरा देवर आरोपी संतोष शराब के नशे में आया और घर में बहस चल रही थी जिसमें बीच के बीच अचानक बोला और मुझे गाली गलौज करने लगा मैंने गाली देने से मना किया तो मेरे साथ मारपीट कर दी। मुझे डंडा मारा और कई प्रकार की बुरी बुरी गालियां दी इस विषय में वह अपनी पत्नी को पहले ही मारपीट कर चुका था घटना में दोनों देवरानी और जेठानी गंभीर रूप से चोटिल हुई है। यहां फरियादिया भाभी की रिपोर्ट पर आरोपी देवर संतोष के विरुद्ध पुलिस ने विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज किया है। दूसरे मामले में फरियादिया गुलाब पति स्वर्गीय राजेंद्र सिंह उम्र 50 वर्ष निवासी मेहदवा ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, कि 28 नवंबर की शाम उसके घर में नंद और भोजाई के घरेलू बातचीत के साथ एक विषय को लेकर थोड़ी सी बहस चल रही थी। जहां इसका बेटा आरोपी सोनू उर्फ महिपाल सिंह राजा आया और बेवजह गालियां देने लगा मैंने गालियां देने से मना किया तो उसने मेरे साथ मारपीट की और नाना प्रकार की गालियां देते हुए मुझे अपमानित किया यहां एक बेटे ने अपनी मां के साथ बुरी- बुरी गालियां देते हुए मारपीट कर एक बड़े रिश्ते को कलंकित कर दिया उसकी फरियादी मां ने अपने दामाद के साथ थाना उपस्थित होकर घटना की सूचना पुलिस को दी जिस पर अमानगंज थाना पुलिस ने आरोपी बेटे सोनू और महिपाल सिंह के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर मामला विवेचना में लिया।

# हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का महाविद्यालय में भव्य आयोजन

**पन्ना।**






छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में आज उमंग हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणा वादिनि के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया, जिसके पश्चात कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि "स्वास्थ्य ही जीवन की वास्तविक संपत्ति है। विद्यार्थी तभी प्रगति की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं जब उनका तन और मन दोनों स्वस्थ हों। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। महाविद्यालय परिवार सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन उमंग हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र यादव द्वारा किया गया, जिन्होंने स्वास्थ्य जागरूकता एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विद्यार्थी जीवन में स्वस्थ शरीर और सशक्त मन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जो विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. हेमंत चौराहा, दंत चिकित्सक, जिला चिकित्सालय पन्ना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "युवा अवस्था में स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। छोटी-छोटी आदतें जैसे नियमित जांच, सही खानपान और स्वच्छता पालन भविष्य के गंभीर रोगों से बचाव कर सकती हैं। शिविर में किए जाने वाले परीक्षण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संजय खरे (नेत्र चिकित्सक), डॉ. रेखा सेन (नर्सिंग ऑफिसर), श्रीमती सरस्वती सिंगरौल (नर्सिंग ऑफिसर), सुश्री आकांक्षा शर्मा (लैब टेक्नीशियन), जितेंद्र भदौरिया (प्रोजेक्ट समन्वयक, जिला चिकित्सालय) तथा श्रीमती शिवा दुबे (परामर्शदात्री दृ त्ज्ञै) ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में विद्यार्थियों के लिए हिमोग्लोबिन टेस्ट, बीपी कीजाँच, बीएमआई मापन, नेत्र परीक्षण, दंत परीक्षण एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण जैसी सेवाएँ प्रदान की गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य के प्रति सजगता का संदेश दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. बी. एन. जायसवाल द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में उमंग हेल्थ एंड वैलनेस समिति के अन्य सदस्य डॉ. डी पी कुशवाह, डॉ. सिद्धू सिंह , डॉ सचिन गोयल, डॉ नंद कुमार पटेल, डॉ पियूषा शर्मा, डॉ अरविंद मंडेलिया, डॉ अरविंद निषाद, डॉ रश्मि तिवारी, डॉ प्रदीप रावत, डॉ अनुराधा चौरसिया ,डॉ राजेश पटेल एवं महाविद्यालय एनसीसी, एनएसएस, एवं स्पोर्ट्स के 165 से अधिक विद्यार्थी एवं स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण सभागार में किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन मंच संचालन कर रहे डॉ बी एन जायसवाल द्वारा किया गया।

## जयपुर से केवड़िया तक की युनिटी मार्च यात्रा में जिले से शामिल होने वाले शिववृत सिंह परमार व आषुतोष श्रीवास्तव को इष्ट मित्रों, शुभचिंतकों ने दी बधाई




**अमानगंज।**

प्रदेश संगठन व जिला संगठन के निर्देषानुसार युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिववृत सिंह परमार उर्फ शिवाजी राजा, युवा सरपंच ग्राम पंचायत बरौंहा, एवं युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पवई आषुतोष श्रीवास्तव को 07 दिवसीय लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर पूरे भारत में निकाले जा रहे युनिटी मार्च के तहत यमुना प्रवाह बस यात्रा को राजस्थान के मुख्यमंत्री मान. भजन लाल शर्मा जी एवं प्रदेष अध्यक्ष जी द्वारा अमर जवान ज्योति से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस युनिटी मार्च में पन्ना जिले से शिववृत सिंह परमार एवं आषुतोष श्रीवास्तव का चयन होने पर अमानगंज नगर, क्षेत्र, जिला सहित समूचे प्रदेष में हर्ष का माहौल देखा जा रहा है। यह यात्रा जयपुर से पुष्कर, अजमेर, जैतारण, जोधपुर, पाली और माउंट आबू होते हुए गुजरात के स्टैच्यू ऑफ युनिटी केवड़यिा तक जायेगी। ज्ञात हो कि इस यात्रा में मध्यप्रदेष, उत्तरप्रदेष, हरियाणा के युवा शामिल है। जयपुर से केवड़यिा तक की यह यात्रा भारत की एकता में शक्ति, विविधता में सामर्थ्य और राष्ट्रहित सर्वोपरि जैसे मूल्यों का प्रतीक है। इस यात्रा में शामिल होने वाले जिले के दोनो युवाओं को इष्टमित्रों, शुभचिंतकों ने बंधाई दी है।

### दो प्रकरणों में साढ़े पांच हजार रूपये का किया ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के देहात थाना अंतर्गत दो प्रकरण में पाँच हजार पाँच सौ रूपये का इनाम घोषित किया है । पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 753/25 धारा 108 बीएनएस 3(2)5, 3(2)5क, 3(1)द, 3(1)घ एससी, एसटी एक्ट के तहत आरोपी धीरेन्द्र सिंह राजपूत पिता स्व. प्रताप सिंह राजपूत निवासी सागर नाका पुलिस चौकी के पीछे हिरदेपुर थाना दमोह देहात पर 2500 रूपये एवं नीतू पति धीरेन्द्र सिंह राजपूत निवासी सागर नाका पुलिस चौकी के पीछे हिरदेपुर थाना दमोह देहात पर 2000 रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 797/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत अज्ञात आरोपी पर 1000 रूपये का इनाम घोषित किया है।

## मारपीट के आरोपीगण को 2- 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।**

जिला अभियोजन संचालनालय पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, फरियादी धर्मेन्द्र व्यास द्वारा थाना उपस्थित होकर इस आशय की मौखिक रिपोर्ट लेख कराई कि दिनांक 14.05.2020 को रात्रि 10:30 बजे की बात है वह सिली तालाब के पास लेट्रिंग करने के लिए गया था। सिली तालाब के पास में अर्जुन, फुलवा और मिथुन शराब पीकर गाली गलौज कर रहे थे। फरियादी ने अर्जुन से कहा कि किसको गाली दे रहे हो तो अर्जुन मां-बहन की बुरी-बुरी गालियां देने लगा और फुलवा और मिथुन मां-बहन की बुरी-बुरी गालियां देने लगा और फुलवा और मिथुन बोलने लगे कि बहुत गुंडा बनता है इसे जान से खत्म कर दो तब अर्जुन ने डंडा मारा जो उसकी नाक में लगा, फुलवा ने लाठी मारी जो उसके दाहिने हाथ में लगी और मिथुन ने भी उसके बांए हाथ में लाठी मारी। अर्जुन ने उसे नीचे पटक दिया इतने में गांव के अन्य लोग आ गये जिन्होंने बीच बचाव किया था। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर थाना गुनौर में अभियुक्तगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना फरियादी का मेडिकल परीक्षण कराया गया। घटना स्थल का नक्शामौका तैयार किया गया। फरियादी एवं साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किए गए। डॉक्टर द्वारा फरियादी को अस्थिभंग लेख करने पर धारा 325 भा.द.सं. का इजाफा किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय सुश्री श्वेता आर्य, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री आस्था पाठक द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपीगण- अर्जुन रैकवार, फुलवा रैकवार एवं मिथुन रैकवार के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपीगण के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण- अर्जुन रैकवार, फुलवा रैकवार एवं मिथुन रैकवार को भादंसं. की धारा 325/34 में 02-02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000-2000 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

